प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

22.06.2025 09:00 ए.एम.

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा–भारत, पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि कभी बहाल नहीं करेगा– सरकार पाकिस्तान जा रहे अतिरिक्त पानी को राजस्थान ले जाने के लिए नहर का निर्माण करेगी।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जैसलमेर में बीएसएफ जवानों से संवाद किया–कहा, बीएसएफ दुनियाभर के सीमा सुरक्षा बलों में अग्रणी।

- उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जयपुर में पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर तीज महोत्सव सहित ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण से जुडे मुद्दों पर चर्चा की।

- प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से विभिन्न जिलों में मध्यम से भारी बारिश का दौर जारी।

000000

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत, पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि कभी बहाल नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार पाकिस्तान में जा रहे अतिरिक्त पानी को राजस्थान ले जाने के लिए नहर का निर्माण करेगी। एक समाचार पत्र को दिये साक्षात्कार में गृह मंत्री ने कहा कि सरकार की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति बरकरार है। श्री शाह ने कहा कि सरकार कश्मीर, नक्सल क्षेत्र और पूर्वोत्तर में आतंकवाद के मूल कारणों को दूर करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में निवेश करने का एकमात्र सबसे सुरक्षित और सबसे अच्छा स्थान है। गृह मंत्री ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जिसकी नीतियां पारदर्शी हैं और यह एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 से ही यह सुनिश्चित किया है कि विकास का लाभ पूरे देश में समान रूप से मिले। गृह मंत्री ने कहा कि भारत एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि बीएसएफ जल, थल और वायु सुरक्षा इकाइयों का गठन कर दुनिया भर के सभी सीमा सुरक्षा बलों में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ आज दुनिया का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित सीमा सुरक्षा बल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने जैसलमेर दौरे पर बीएसएफ जवानों से संवाद के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही तनोट माता मंदिर के सौंदर्यकरण के साथ ही यहां 200 कमरों का विश्राम गृह भी बनायेगी। मुख्यमंत्री ने तनोट माता मंदिर के दर्शन भी किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुनते हुए मौके पर ही अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान बिजली, पानी, चिकित्सा, समाज कल्याण, शिक्षा, उद्योग, राजस्व, गृह, खनन, कृषि, सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर नियमित रूप से जनसुनवाई कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

0000

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि हर भारतीय के तर्क, विचार और कर्म देश चेतना के अनुरूप होने चाहिए। चेतना का विस्तार 'वसुधैव कुटुम्बकम' तक है। श्री यादव ने बहरोड़ में आयोजित योग शिविर कार्यक्रम में ये बात कही। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार खेल को एक कल्चर के रूप में बदलना चाहती है। उन्होंने अलवर सांसद खेल उत्सव में चार नए खेल जोडने की भी बात कही।

0000

अजमेर शहर में कल ई–वेस्ट जागरूकता और संग्रहण अभियान का आगाज किया गया। प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़, सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पटेल मैदान से ई–वेस्ट संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर इस अभियान की शुरूआत की। किशनगढ़ में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की क्षेत्रीय अधिकारी निधि खण्डेलवाल ने बताया कि यह अभियान तेईस जून तक चलेगा। अभियान के तहत चलने वाले ई–वेस्ट संग्रहण वाहन घर–घर और दुकानों तक पहुंचकर पुराने मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप, टेलीविजन, फ्रिज, एलइडी मॉनिटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एकत्र करेंगे। इसके अलावा कलेक्शन सेन्टरों पर भी लोग अपने पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा करा सकते हैं। इस अभियान के माध्यम से आमजन को बताया जाएगा कि ई–वेस्ट का सुरक्षित निस्तारण न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है।

**0000**

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश में इस बार तीज उत्सव दो दिनों तक मनाया जायेगा। इससे राज्य की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर और भी मजबूती से प्रस्तुत किया जा सकेगा। उन्होंने जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में स्थित शिल्पग्राम के पुनर्विकास को लेकर कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कल जयपुर में पर्यटन विभाग से जुड़े विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से तीज महोत्सव, शिल्पग्राम के पुनर्विकास, जमवाय माता मंदिर क्षेत्र का विकास, और राज्य के ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने बावड़ियों और अन्य ऐतिहासिक स्मारकों के जीर्णोद्धार, आमेर–नाहरगढ़ और जलमहल के विकास कार्यों के समयबद्ध कियान्वयन के भी निर्देश दिए।

**00000**

पर्यावरण संरक्षण को लेकर पाली में पर्यावरण प्रेमियों ने अनूठी मुहिम शुरू की है। ये लोग नवाचार करते हुए बड़ी संख्या में सीड्स बॉल बनाकर अरावली पहाड़ियों सहित आसपास के क्षेत्रों में डाल रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस मुहिम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

**00000**

प्रदेश में सक्रिय हुए मानसून से विभिन्न जिलों में मध्यम से भारी बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों में भीलवाडा में सबसे ज्यादा 20 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गयी। कोटा और निवाई में 6 इंच से ज्यादा बारिश हुई। बारिश के कारण राज्य के नदी नालों में पानी की आवक शुरू हो गई है। भीलवाड़ा जिले में भारी बारिश के कारण शहर की निचली बस्तियों में पानी भर गया। सडकों पर भरे पानी की वजह से यातायात भी बाधित हुआ। प्रशासन ने राहत कार्य शुरू किये।

**0000**

जोधपुर में भी तेज बारिश की वजह से जनजीवन प्रभावित रहा। जालोर के रानीवाडा और भदरा जून में अच्छी बारिश हुई। पाली में कई स्थानों पर हुई बारिश और तेज हवाओं से पेड गिर गये। डूंगरपुर में रातभर कभी तेज तो कभी हल्की बरसात का दौर चला। करौली में हुई बारिश से बांधों में पानी की आवक होने लगी है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के ऊपर बने परिसंचरण तंत्र के कारण दो दिनों तक भरतपुर, कोटा, जयपुर संभाग के कुछ भागों में कहीं कहीं भारी और अतिभारी बारिश होने की संभावना है।

**00000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 जून को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता 27 जून तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

0000